>

Title: Need to expedite setting up of a Steel Plant in Gwalior Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): महोदय, पूर्व केन्द्रीय इस्पात मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 26.08.08 को ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिलौआ, तहसील डबरा जिला ग्वालियर में स्थानीय बेरोजगार मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु लगभगम 100 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले स्टील प्रोसेसिंग यूनिट (इस्पात कारखाने) का शिलान्यास किया गया था। इस कारखाने के निर्माण हेतु इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बजट भी आवंटित किया जा चुका है एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा पर्याप्त भूमि भी आबंटित कर दी गयी है। परन्तु शिलान्यास के एक वर्ष बाद भी अभी तक उक्त कारखाने के निर्माण में कोई प्रगति नहीं हुई है।

स्टील प्रोसेसिंग यूनिट का कार्य प्रारंभ होता तो क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार मिलता तथा क्षेत्र के व्यापार को बढ़ावा मिलता, जिससे क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होता। परंतु अभी तक कारखाने का निर्माण प्रारंभ न होने के कारण क्षेत्रवासियों में आशंका पैदा हो गयी है।

छत्तीसगढ़ अलग प्रदेश बनने के बाद अब प्रदेश में कोई स्टील प्लांट नहीं है। मध्य प्रदेश एवं ग्वालियर क्षेत्र के विकास हेतु सरकार से आग्रह है कि स्वीकृत स्टील प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।